# ट्रांसफार्मर समय सीमा में बदलने से गांव हुए जगमग



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत डांगीढाना वितरण केन्द्र के करहैया नयानगर, चिलाचोन खुर्द बचई मुख्यालय अंतर्गत गांव में 25 केवीए दो ट्रांसफार्मर समय सीमा में बदलने से संबंधित गांव के लोगों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की है। ट्रांसफार्मर समय पर बदलने से विद्युत व्यवधान की लोगों को परेशानी नहीं हुई।

वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव ने बताया कि 25 केवीए ट्रांसफार्मर करहैया की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता की समस्या से सहायक अभियंता प्रसून शर्मा ओर कार्य पालन अभियंता विवेक जशेले को अवगत कराया उनके द्वारा तत्काल समस्या संज्ञान में लेकर निराकरण किया गया है भविष्य में उपभोक्ताओं को शासन ओर कंपनी की मंशा अनुसार 24 घंटे सप्लाई देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से कलेक्टर ने की मुलाकात



## खेल के प्रति किया प्रोत्साहित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सिंहपुर (बड़ा) स्थित कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब जिले की कलेक्टर शीतला पटले का अचानक आगमन हुआ। कलेक्टर ने मैदान में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका परिचय लिया। उन्होंने बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक रहने, नियमित अभ्यास करने और अनुशासित जीवन अपनाने की सलाह दी। खिलाड़ियों से संवाद के दौरान उन्होंने उनकी समस्याएं भी सुनीं और उन्हें प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं अपने हाथों से मैदान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर प्रति दिन खिलाड़ियों प्रशिक्षण दे रहे खेल विभाग के प्रशिक्षक विकास शर्मा ने ग्राम में खेल मैदान की स्थिति और खेल गतिविधियों से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए खेल को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# संपदा 2.0 साफ्टवेयर के चलते अवैध कॉलोनाइजर नहीं करा पाते रजिस्ट्री

**गाडरवारा, देशबन्धु।** संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर अवैध कॉलोनाइजरों के लिए तकनीकी स्ट्राइक साबित हो रहा है। एक तरफ जहां प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों में खरीदी गई संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है, वहीं भूमाफिया पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आवेदन भी कर रहे हैं।

संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर में खसरा नंबर दर्ज करते ही प्रापर्टी की पूरी जानकारी ऑनलाइन दिखने लगती है। इससे पता चल जाता है कि यह प्रापर्टी किसकी है, कहां है और किसके द्वारा बेची गई है। साथ ही उसके बेचने वाले कॉलोनाइजर ने अनुमतियां ली हैं या अवैध रूप से प्रापर्टी बेची गई है, इसका भी पता चल जाता है।

**लागू हुआ संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर** - यही कारण है कि अवैध कॉलोनियों में होने वाली भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं हो पाती है। अप्रैल 2025 से संपदा-2.0 सॉफ्टवेयर लागू किया जा चुका है। इसके तहत सिर्फ ऑनलाइन ही प्रापर्टी की रजिस्ट्री की जा सकती है। इसमें रजिस्ट्री के लिए सभी तरह के पात्र दस्तावेज होना जरूरी है।

यदि एक भी दस्तावेज कम होता है तो रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी तरह से रुक जाती है। बता दें, संपदा-2.0 साफ्टवेयर में रजिस्ट्री के लिए दस्तावेजों का प्रारूप तय है।

इसमें खरीदी जा रही प्रापर्टी की जानकारी भरकर रजिस्ट्री की प्रति तैयार की जाती है।

**ये दस्तावेज नहीं होने पर रुक जाती है रजिस्ट्री** - टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी), डायवर्सन प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र, लेआउट प्लान, मूलभूत सुविधाओं का शपथपत्र होना आवश्यक है।

## सार-समाचार

### जुए के फड़ पर छापा, 15 जुआरी गिरफ्त में



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में जुआ/सट्टा जैसे अवैध कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने हेतु अवैध कारोबारियों की धरपकड एवं अपराध एवं अपराधियों पर पूर्णत: नियंत्रण हेतु जिले के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जुआ/सट्टा के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड की जा रही है। 3 जून की रात्रि को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम खुरपा में सुन्दर राय के मकान के पास कुछ लोग जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से रेड करवाते हुए 15 जुआडियो को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकडते हुये 25 हजार 260 रूपये जप्त किये गये।

जुआ खेलते पकडे गए जुआडियों के नाम क्रमश: सुन्दरलाल राय, धीरेन्द्र मालवीय, अरविंद पटेल, महेन्द्र पुरी गोस्वामी, किट्टू काछी, दिनेश पटेल, घनश्याम विश्वकर्मा, छोटेलाल पटेल, शब्बीर खान, राकेश राय, दयाराम चौधरी, मुकेश पटेल, आशीष राय, रामदयाल ठाकुर एवं नरेन्द्र कुशवाह बताये, जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्तों की 2 गड्डियां एवं 25 हजार 260 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 560/2025 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ने में थाना प्रभारी, स्टेशनगंज, निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, उप निरीक्षक विजय द्विवेदी, प्रधान आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक संजय पांडे, दिनेश पटेल, योगेन्द्र, अंकित, राकेश झा, जितेन्द्र राणा एवं सैनिक अवधेश जाट की भूमिका रही।

### एसडीओपी मिश्रा का स्थानांतरण निरस्त

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय कार्यवाहक एसडीओपी रत्नेश मिश्रा का स्थानांतरण 27 में को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भोपाल हो गया था। जिसे राज्य सरकार ने निरस्त करते हुए गाडरवारा एसडीओपी अब कार्यवाहक एसडीओपी श्री रत्नेश मिश्रा यथावत गाडरवारा ही रहेंगे।

### तेंदूखेड़ा के शासकीय कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह




**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक 18361/आउशि/शा. भोपाल दिनांक 25/6/2025 में शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में दिनांक 01/07/2025 से 03/07/2025 तक मनाया गया। प्रथम दिवस में नवप्रवेशित छात्रों का मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नवीन छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ. भानू प्रताप प्रजापति के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एव महाविद्यालय के चार्टर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस में छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करवाया गया एवं महाविद्यालय तथा उसमें संचालित योजना की जानकारी उत्साहपूर्वक दी गई। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भानू प्रताप प्रजापति (क्रीडा अधिकारी) के द्वारा खेल से संबंधित गतिविधियों के बारे में समझाया गया। महाविद्यालय में चल रही छात्रवृत्ति एवं अन्य हितग्राही योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ बी.डी. विश्वकर्मा के द्वारा जानकारी दी गई कि छात्र जीवन में छात्रों को किस प्रकार से रहना चाहिए और एन.ई.पी. एवं एन.एस.एस. के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. मनीषा वर्मा प्राध्यापक अंग्रेजी के द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के बारे में एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भानू प्रताप प्रजापति, सहायक प्राध्यापक डॉ. बी.डी., डॉ. मनीषा वर्मा , डॉ. रश्मि तिवारी , डॉ. आदर्श चैधरी , डॉ. प्रशांत कुमार , डॉ. दिपेश ठाकुर ने संबंधिंत विषयो की विस्तृत जानकारी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को दी गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी अर्थशास्त्र के द्वारा एवं आभार डॉ. मनीषा वर्मा के द्वारा किया गया।

# जिले के 3046 मेधावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

## उत्कृष्ट विद्यालय में जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित





**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के असेंबली हॉल में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग की अभिनव योजना मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय योजना के अंतर्गत जिले के 3046 छात्र -छात्राओं को लैपटॉप वितरण किया जाना था। मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 94,234 छात्र छात्राओं के खाते में लैपटॉप की राशि का सीधे वन क्लिक से अंतरण किया गया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसे उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के असेंबली हॉल में छात्र छात्राओं को एल सी डी के माध्यम से दिखाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़ीया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, अनीता राजेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अजीत सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर, शीतला पटले कलेक्टर नरसिंहपुर की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों के आतिथ्य सत्कार उपरांत भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के प्रसारण का सभी अतिथियों और छात्र छात्राओं ने अवलोकन किया। मुख्य कार्यक्रम के उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 15 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मिमेंटो देकर अतिथि गणों द्वारा सम्मानित किया गया।

लैपटॉप की राशि 25000 उनके खाते में सीधे स्थानांतरित की गई। जिला शिक्षाधिकारी एम एस खान ने जिले का परीक्षा परिणाम और लैपटॉप हेतु पात्र विद्यार्थियों के आंकड़े सहित प्रतिवेदन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में जालम सिंह पटेल ने लैपटॉप पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी , साथ ही प्रदेश में जिले के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर और शिक्षा विभाग को बधाई दी। तत्पश्चात विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों से परिचित कराया और नई नीति का लाभ लेकर अपने भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया।

अनीता राजेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन के पांच मूल सिद्धांतों कागचेष्ठा, बकोध्यानं, श्वाननिद्रा, अल्पाहारी, गृहत्यागीट्ठ का पालन करके विद्यार्जन करने का संदेश दिया। कलेक्टर शीतला पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है,एक लक्ष्य निर्धारित करके उसकी प्राप्ति पर्यंत तक अपनी पूर्ण समर्थ से कोशिश करनी चाहिए। डॉ आर पी चतुर्वेदी जिला परियोजना समन्वयक ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया।

अंत में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जी एस पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को जीवन और व्यक्तित्व निर्माण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक डॉ. अशोक कुमार उदेनिया ने किया। इस प्रकार संस्था के सभी स्टाफ के सहयोग से छात्र हितैषी प्रेरक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरणीय परिवेश में सुधार का संकल्प लिया।

# प्रतिभाशाली प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम आयोजित



**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में दिखाया गया। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतिभशाली बच्चों को लैपटॉप की राशि वितरित की गई। इसके अंतर्गत विकासखंड स्तर पर आयोजित लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समाजसेवियों की उपस्थिति के बीच एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रतीकात्मक रूप से विद्यार्थियों को चेक वितरित किये गए। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन और वंदना से हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनों का स्वागत संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा और भानुप्रताप राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सहायक संचालक सीमा डोंगरे ने कहा की यदि विद्यार्थी ठान ले तो वह सबकुछ हासिल कर सकता है। कार्यक्रम को सचिन अग्रवाल, कीरत सिंह पटेल, दिग्विजयसिंह राजपूत, आरती राजपूत एवं गौरीशंकर खेमरिया ने संबोधित किया। अपने प्रतिवेदन में चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि संस्था के 23 प्रतिशत विद्यार्थियों को लैपटॉप प्राप्त हुए हैं। शासन द्वारा संस्था के टॉपर बच्चों को स्कूटी भी प्रदाय की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक मनीष शंकर तिवारी ने बताया कि सामाजिक विज्ञान विषय का परिणाम शत प्रतिशत तो रहा ही है एक विद्यार्थी ने सौ में सौ अंक भी प्राप्त किये हैं। कार्यक्रम के अंत मे बीआरसी संदीप स्थापक ने आभार जताया।

इस अवसर पर कमल सोनी, खेमचंद रावत, धर्मेंद्र पटेल, मानसिंह मिर्धा, शिवांश दुबे, दुर्गेश अवधिया एवं संस्था के सभी शिक्षक वरिष्ठ प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या सहित अर्चना तिवारी, ओमजी कौरव, भागीरथ प्रसाद, भैयाराम अहिरवार, विष्णु सिंघानिया, सुधीर प्रजापति, ब्रजबाला मालवीय, कीर्ति चौबे, प्रियंका विश्वकर्मा, मनोहर पटेल, लालसिंह, अखिलेश मेहरा, रूपसिंह कुशवाहा, आनंद राजपूत, ऋषव मेहरा आदि उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में दीक्षारम्भ कार्यक्रम



**नरसिंहपुर, देशाबन्धु।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का समापन 4 जुलाई को महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी एवं छात्र अभिप्रेरण सत्र के माध्यम से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू जबलपुर की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनीता पहाड़िया तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डॉ.मनीष अग्रवाल मंचासीन रहे।

डॉ. स्वाति चांदोरकर, डॉ.आलोक तिवारी, डॉ एस के उप्रेलिया, एस एल चौधरी, डॉ.सुधा शाक्यख डॉ.शोभा मिश्रा भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नमिता साहू एवं डॉ.गणेश कुमार सोनी ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.मनीष अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि दीक्षारम्भ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में पहला संगठित कदम है। हमें न केवल ज्ञान देना है बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाना है।

यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक सार्थक पहल है। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता पहाड़िया ने नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालते हुए कहाए यह नीति विद्यार्थियों को बहुविषयी कौशल और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करती है। शिक्षण संस्थानों को अब केवल शिक्षा केंद्र नहीं बल्कि नवाचार और सामाजिक नेतृत्व के केंद्र बनना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। गजेन्द्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रवेश प्रक्रिया पर जानकारी दी।

डॉ. राजेश ठाकुर ने प्रशासनिक संरचना और स्टाफ परिचय करवाया। छात्रवृत्तियों की जानकारी महेन्द्र सिंह मेहर ने दी। करियर मार्गदर्शन सत्र में डॉ प्रभृति सेन खेल गतिविधियों पर अर्पित सक्सेना तथा पुस्तकालय सेवाओं पर वीरेंद्र झरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। एनएसएस और एनसीसी के कार्यों की जानकारी श्रीमती रीता रावत एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने साझा की।डॉ. प्रभृति सेन एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन के से सम्बंधित सभी का आधार व्यक्त करते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# समग्र ई केवाईसी करने की अपील

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासन द्वारा नागरिकों को समग्र ई केवाईसी करवाना अनिवार्य किया गया है। इसी के तहत गाडरवारा नगर पालिका द्वारा वार्ड प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर तथा अन्य कर्मचारियों की वार्ड बार ड्यूटी लगाई गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख नागरिकों ने नागरिकों से अपील की है कि नगर पालिका के सभी कर्मचारी नागरिकों के डोर टू डोर जाकर समग्र ई केवाईसी का कार्य कर रहे हैं। ऐसे नागरिक जिन्होंने अभी तक ई केवाईसी नहीं करवाई है उनसे अपील की है कि वह अपनी ई केवाईसी करवाए तथा शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित होने से बचे। ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में शासन द्वारा मिल रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। ई केवाईसी एमपी ऑनलाइन, कियोस्क केंद्रों पर भी कराई जा सकती है।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए